This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शुक्रवार, 06 जून, 2025 / 16 ज्येष्ठ, 1947

हिमाचल प्रदेश सरकार

राजस्व विभाग

अधिसूचना

शिमला, 20 मई, 2025

संख्याः रैव–बी–ए0(03) / 28 / 2024.––हिमाचल प्रदेश सरकार के वित्तायुक्त (राजस्व), हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1954 की धारा 168 के खण्ड (छ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य में

राजस्व अधिकारियों के समक्ष न्यायालय मामला फाइल करने की प्रणाली का ऑनलाइन सिस्टम आरम्भ करने हेतु, हिमाचल प्रदेश में न्यायालय मामलों को ऑनलाइन फाइलिंग और प्रक्रमण करने के नियम, 2025 बनाने का प्रस्ताव करते हैं तथा इन्हें अधिनियम की धारा 169 के अपेक्षित के अनुसार जन साधारण की सूचना के लिए एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है;

यदि इन नियमों से संभाव्य प्रभावित होने वाले किसी व्यक्ति को इन नियमों की बाबत कोई आक्षेप(पों) या सुझाव(वों) है / हैं, तो वह उसे / उन्हें इन नियमों के राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से सात दिन की अवधि के भीतर वित्तायुक्त (राजस्व), हिमाचल प्रदेश शिमला–171 002 को भेज सकेगा;

उपरोक्त विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्राप्त हुए आक्षेप(पों) या सुझाव(वों) यदि कोई है / हैं पर इन नियमों को अन्तिम रूप देने से पूर्व राज्य सरकार द्वारा विचार किया जाएगा, अर्थात्:–

प्रारूप नियम

हिमाचल प्रदेश सरकार के वित्तायुक्त (राजस्व), हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1954 की धारा 168 के खण्ड (छ) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात्:–

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ.**––(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश में न्यायालय मामलों की ऑनलाइन फाइलिंग और प्रक्रमण नियम, 2025 है।

(2) इनका विस्तार सम्पूर्ण हिमाचल प्रदेश राज्य पर है

(3) ये नियम राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे

2. **परिभाषाएं.**––इन नियमों में जब तक कोई बात विषय या सन्दर्भ के विरुद्ध न हो,–

(1) "आवेदक" से, विचारण न्यायालय स्तर में आवेदक, अपीलीय न्यायालय में अपीलार्थी और उच्चतर न्यायालय में याची (याचिका) अभिप्रेत है;

(2) "आवेदन फीस (शुल्क)" से, आवेदक द्वारा संदेय न्यायालय फीस (शुल्क) अभिप्रेत है जिसको समय–समय पर सरकार द्वारा यथा विहित चिपकने वाले स्टाम्पों का उपयोग, यू0 पी0 आई0 या किसी ई–स्टाम्प प्रमाण–पत्र संदत्त किया जा सकेगा;

(3) "केस संख्या" से, प्रत्येक मामले का समनुदेशित विशिष्ट पहचान कोड है जिसमें न्यायालय का विशिष्ट पहचान पत्र, केस क्रम संख्यांक (प्रदत्त वर्ष के लिए क्रमशः न्यायालय में एक से आरम्भ होते हुए) से मिलकर बनने वाला और वर्ष आगे की ओर स्लैश (/) द्वारा अलग किया गया अभिप्रेत है;

(4) "मामला सूची" से, न्यायालय द्वारा सुनवाए जाने वाले मामलों की दैनिक अनुसूची अभिप्रेत है;

(5) "प्रतिलिपियों" से, मूल दस्तावेजों, नस्तियों या अभिलेखों का प्रत्युत्पादन करना अभिप्रेत है, जो विधिक, प्रशासनिक, भू–अभिलेखों या न्यायालय कार्यवाहियों का भाग है। ये डिजिटल या भौतिक प्रतिलिपियां हो सकती हैं और ये विधि के अनुसार उनके हकदार पक्षकारों से अधिकारिक अनुरोध के अनुसार प्रस्तुत की जाती हैं;

(6) "प्रेषित" से, अभिलेख कक्ष में किसी नस्ति या दस्तावेज का सुरक्षित अभिरक्षा अभिप्रेत है;

(7) "प्रेषित नस्तियां" से, राजस्व न्यायालय की ऐसी नस्तियों अभिप्रेत हैं जिन्हें अभिलेख कक्ष में रख दिया गया है;

(8) "प्रतिलिपि अभिकरण (एजेंसी)" से, "वित्तायुक्त, हिमाचल प्रदेश (राजस्व एवं अपील) कार्यालय प्रतिलिपि एजेंसी नियम, 1993", "हिमाचल प्रदेश उपायुक्त कार्यालय प्रतिलिपि एजेंसी नियम, 1994" और "ऑनलाइन प्रतिलिपि एजेंसी नियम, 2024'' में यथा परिभाषित (एजेंसी) अभिकरण अभिप्रेत है;

(9) "न्यायालय" से, हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1994 के अधीन न्यायिककल्प शक्ति का प्रयोग करते हुए और हिमाचल प्रदेश में प्रकार्य समस्त राजस्व अधिकारी अभिप्रेत है;

(10) "डिजिटल हस्ताक्षर" से, हस्ताक्षर की डिजिटल छाप या हस्ताक्षरकर्ता की दस्तावेज की प्रमाणिकता सुनिश्चित करना अभिप्रेत है;

(11) "डैश्बोर्ड" से, समस्त मामलों से सम्बन्धित डेटा को प्रदर्शन करने वाले ई–फाइलिंग पोर्टल में अंतरापृष्ट अभिप्रेत है;

(12) "डिजिटल अभिलेख" से, ऐसा अभिलेख अभिप्रेत है जिसे डिजिटाइज किया गया है;

(13) "डिजिटाइज" से, भौतिक या एनालॉग जानकारी, जैसे दस्तावेजों, अभिलेख या प्रतिबिम्ब को डिजिटल प्रारूप में परिवर्तित करने की प्रक्रिया करना अभिप्रेत है, जिसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से संसाधित, संगृहीत और प्रसारित किया जा सकता है;

(14) "ई–फाइलिंग पोर्टल" से, इलेक्ट्रॉनिक रूप से केस फाइल प्रस्तुत करने और प्रबंध करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म अभिप्रेत है;

(15) "क्षेत्र सतयापन" से, राजस्व अधिकारियों द्वारा संचालित किया गया आनसाईट (स्थल पर) निरीक्षण अभिप्रेत है;

(16) "ई–रसीद" से, पोर्टल द्वारा जनित संदाय की अभिस्वीकृति अभिप्रेत है;

(17) "जमाबन्दी" से, हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1954 की धारा 32 के अधीन यथा परिभाषित अधिकार–अभिलेख अभिप्रेत है;

(18) "नायब तहसीलदार" से, एक ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है जिसमें हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1954 के अधीन सहायक कलक्टर ग्रेड–II की शक्तियां निहित हैं और जो अपनी अधिकारिता के भीतर भू–अभिलेख का प्रबन्ध करने, राजस्व स्कीमों को कार्यान्वित करने और भू सम्बन्धित विवादों के निपटारे हेतु उत्तरदायी हैं;

(19) "ओ0टी0पी0 (वन टाइम पासवर्ड)" से, अधिप्रमाणीकरण के लिए रजिस्ट्रीकृत मोबाइल नम्बर पर भेजा गया सुरक्षित कोड अभिप्रेत है;

(20) "ऑनलाइन फाइलिंग" से, राजस्व न्यायालय को आवेदनों, याचिकाओं और दस्तावेजों इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत करने की प्रक्रिया अभिपेत है;

(21) "ऑनलाइन प्रणाली" से, सरकार द्वारा बनाया गया कम्प्यूटर स्पेलिकेशन अभिप्रेत जो इंटरनेट पर खुले तौर पर उपलब्ध है;

(22) "ओ0सी0आर0 (ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्रिशन)" से, स्कैन किए गए दस्तावेज से पाठ्य–सामग्री को पहचान को समर्थ बनाने वाली प्रौद्योगिकी अभिप्रेत है;

(23) "पेमेंट गेटवे" से, इंटरनेट पर विभिन्न सेवाओं के लिए एक प्रणली अभिप्रेत है जो क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यू0पी0आई0) सहित अन्य इलेक्ट्रानिक संदत्त प्रणालियों का उपयोग करके किए गए लेन–देन के प्राधिकरण और निपटान की सुविधा प्रदान करता है;

(24) "याची" से, ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो राजस्व न्यायालय में न्यायिक राहत चाहने वाला याचिका फाइल करता है;

(25) "पी0डी0एफ0 दस्तावेज" से, एडोब सिस्टम द्वारा रचित (बनाया गया) एक प्रारूप फाइल अभिप्रेत है, जो पोर्टेबल दस्तावेज प्रारूप (पी0डी0एफ0) के रूप से ज्ञात है, जिसका उपयोग एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर या ऑपरेटिंग सिस्टम से स्वतन्त्र रीति से दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए किया जाता है और इसमें टेक्स्ट, प्रतिबिंब अंतर्विष्ट हो सकते हैं और अन्य तत्व तथा बहुधा आधिकारिक प्रपत्रों और रिकार्ड के लिए उपयोग किए जाते हैं;

(26) "पीठासीन अधिकारी" से, राजस्व न्यायालय का प्रभावी राजस्व अधिकारी अभिप्रेत है; पर्यवेक्षण में ऑनलाइन प्रतिलिपि एजेंसी कृत्य करती है;

(27) "प्रोफार्मा प्रत्यर्थी" से, केस में अप्रत्यक्ष रूप से अंतर्वलित पक्षकार अभिप्रेत है;

(28) "रीडर" से, न्यायालय में तैनात किया गया कोई अधिकारी अभिप्रेत है, जो न्यायालय के पीठासीन अधिकारी के सीधे पर्यवेक्षण के अधीन कार्य तथा न्यायालय से संबंधित विभिन्न कार्यों में सहायता और न्यायालय कार्यवाही के सुचारू कृत्य को सुनिश्चित करता है;

(29) "रिकार्ड कक्ष" से, ऐसा कक्ष अभिप्रेत है जहां बंद केस फाइलों को डिजिटल रूप में संग्रहीत करने का भण्डार है;

(30) "चालान नस्तियां" से, राजस्व / न्यायालय नस्तियां अभिप्रेत है जिन्हें अभिलेख कक्ष में प्रेषित नहीं किया गया है;

(31) "समन" से, न्यायालय में अपेक्षित (आवश्यक) पक्षकारों को उपस्थित करने के लिए एक विधिक (कानूनी) नोटिस अभिप्रेत है;

(32) "तहसीलदार" से, किसी तहसील के प्रभारी राजस्व अधिकारी अभिप्रेत है, जो हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1954 के अधीन सहायक कलेक्टर ग्रेड–I की शक्तियां धारित करते हुए, और जो अपनी अधिकारिता के भीतर भू–अभिलेख का प्रबन्ध करने, राजस्व स्कीमों को कार्यान्वित करने और भू सम्बन्धित विवादों के निपटारे हेतु उत्तरदायी हैं;

(33) "एस0एम0एस" से, लघु संदेश सेवा अभिप्रेत है, जो अधिकांश टेलीफोन, इंटरनेट और मोबाइल डिवाइस सिस्टम का टैक्स्ट मैसेजिंग सेवा घटक है जो उपकरणों के बीच लघु संदेश भेजने की अनुमति देता है;

(34) "यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यू0पी0आई0)" से, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एन0पी0सी0आई0) द्वारा विकसित वास्तविक समय में संदत्त प्रणली, मोबाइल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बैंक खातों के बीच तत्काल धन हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करती है, अभिप्रेत है;

(35) "यू0आर0एल0" से, इंटरनेट पर संसाधनों तक पहुंचने के लिए उपयोग किए गए एक संदर्भ या पता, यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर अभिप्रेत है;

(36) "वकालतनामा" से, नयायालय में किसी पक्षकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक अधिवक्ता को प्राधिकृत करने वाला दस्तावेज अभिप्रेत है;

(37) "जिमनी आदेश" से, किसी मामले की कार्यवाही के विचाराधीन के दौरान न्यायालय या राजस्व प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए अंतिम आदेशों निर्दिष्ट करना। ये आदेश मामले की सुचारू प्रगति के लिए आवश्यक तत्काल प्रक्रियात्मक या प्रशासनिक मामलों को संबोधित करते हैं किन्तु अंतिम निर्णय या समाधान (संकल्प) नहीं है;

(38) "वीडियो कान्फ्रेंस" से, दूरस्थ से सुनवाई करने के प्रौद्योगिक के उपयोग अभिप्रेत है;

(39) "वीडियो कान्फ्रेंस अनुरोध" से, किसी पक्षकार द्वारा वीडियो कान्फ्रेंस सुविधा के माध्यम से दूरस्थ सुनवाई का अनुरोध करने वाले आवेदन अभिप्रेत है;

उन समस्त शब्दों और पदों के जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं किन्तु परिभाषित नहीं हैं वे ही अर्थ होंगे जो हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1954 (1954 का अधिनियम संख्यांक 6) हिमाचल प्रदेश न्यायालय फीस अधिनियम, 1968, और हिमाचल प्रदेश वित्तायुक्त (राजस्व और अपील) कार्यालय के लिए प्रतिलिपि एजेंसी नियम, 1993 और हिमाचल प्रदेश उपायुक्त कार्यालय प्रतिलिपि एजेंसी नियम, 1994, हिमाचल प्रदेश न्यायालय फीस (ई–स्टांपिंग) नियम, 2015, हिमाचल प्रदेश ऑनलाइन प्रतिलिपि एजेंसी नियम, 2024 में उनके हैं अन्य शब्दों का अपना सामान्य रूप से स्वीकृत शब्दकोश अर्थ होगा।

3. राजस्व मामलों को ऑनलाइन फाइल करना.––(1) राजस्व मामलों का ऑनलाइन फाइल करना ऐसे न्यायालय और ऐसी तारीख से प्रभावी होगी, जैसी सरकार द्वारा अधिसूचित की जाए।

(2) यह प्रक्रिया ऐसे व्यक्तियों और संस्थाओं के प्रवर्गों पर लागू होगी जैसी इस प्रक्रिया में वर्णित है

(3) ऑनलाइन फाइल करना किसी बार कांउसिल में रजिस्ट्रीकृत एडवोकेट–ऑन–रिकार्ड और व्यक्तिगत रूप से याची के लिए है।

(4) समस्त अधिवक्ताओं को न्यायालय केस प्रबन्ध पोर्टल पर एक बार अपना ई–मेल आई0डी0 और दूरभाष नम्बर रजिस्टर करना अपेक्षित होगा। रजिस्ट्रीकरण के दौरान, उन्हें अपने रजिस्ट्रीकरण नम्बर, बार कांउसिल का नाम, अधिवक्ता के रूप में उनके नामांकन को प्रमाणित करने वाला दस्तावेज और वेबसाइट पर उपलब्ध पूरा नमूना हस्ताक्षर फॉर्म सहित मुख्य विवरण प्रदान करना होगा।

(5) मामले किसी भी दिवस या किसी भी समय या कहीं से भी ऑनलाइन फाइल किया जा सकेगा। तथापि, परिसीमा की गणना के प्रयोजन के लिए इसे उसी दिवस या अगले कार्य दिवस पर फाइल किया गया माना जाएगा यदि इसे किसी अवकाश के दिवस फाइल किया गया है।

(6) न्यायालय मामलों के प्रबन्ध के लिए, प्रत्येक राजस्व न्यायालय में एक पीठासीन अधिकारी और दूसरा रीडर के लिए लॉगइन दो प्रकार की होगी।

(7) राजस्व मामलों को सौंपे गए केस नम्बरों सम्पूर्ण राज्य में अद्वितीय होंगे। प्रत्येक केस नम्बर में न्यायालय का लॉगइन आई डी, उस वर्ष का क्रमांक संख्या और वर्ष सम्मिलित होगा जिसे फार्वर्ड स्लैश (/) द्वारा पृथक किया जाएगा। उदाहरण के लिए, यदि न्यायालय की लॉग इन आई डी 7007 और वर्ष का नौवां केस फाइल किया गया है तो केस नम्बर 7007–9/2024 के रूप में स्वरूपित होगा।

(8) यदि कोई न्यायालय वर्ष के मध्य में ऑनलाइन फाइल करने में परिवर्तित होता है, तो क्रमांक संख्या उस वर्ष में उपयोग किए गए अंतिम संख्या से प्रारम्भ होगा। पीठासीन अधिकारी को अंतिम निर्दिष्ट क्रमांक संख्या प्रविष्ट करना होगा और पोर्टल उस बिन्दु से आगे संख्या जारी रखेगा।

(9) ऐसे न्यायालय जहां प्रत्येक प्रकार के केस के लिए पृथक रूप से संस्थित रजिस्टर अनुरक्षित है, प्रत्येक रजिस्टर में केस नम्बर 1 से आरम्भ होते हुए, पीठासीन अधिकारी किसी भी रजिस्टर से उच्चतम केस नम्बर पोर्टल में प्रविष्ट करेगा। तत्पश्चात् समस्त भौतिक रजिस्टर बंद कर दिए जाएंगे और प्रत्येक प्रकार के केस के लिए इलेक्ट्रॉनिक रजिस्टर पोर्टल में देखने और डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध होंगे।

(10) एक बार जब न्यायालय पूरी तरह से ऑनलाइन संचालन में परिवर्तित हो जाएगा तो संस्थान रजिस्टर और निर्णय रजिस्टर सहित समस्त रजिस्टर का रख–रखाव विशेष रूप से मामले प्रबंध सॉफ्टवेयर का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक रूप में किया जाएगा। ऐसे मामलों में अब भौतिक रजिस्टर बनाए रखने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

4. आवेदन फाइल करना.––(1) मेमो / आवेदन विभाग द्वारा डिजाइन्ड सॉफ्टवेयर के माध्यम से फाइल किया जाएगा।

(2) नागरिक या उनके अधिवक्ता अपने–अपने खातों के माध्यम से अपना आवेदन दायर कर सकेंगे।

(3) यदि अपील / पुनरीक्षण / पुनर्विचार सरकार द्वारा दायर किया जाना हो, तो इसे अतिरिक्त जिला–न्यायवादी / जिला न्यायवादी / पैनल में शामिल अधिवक्ता द्वारा उनकी रजिस्ट्रीकृत आईडी के माध्यम से फाइल किया जाएगा।

(4) आवेदक (जो निचली अदालत में आवेदक / अपील अदालत में अपीलार्थी / उच्चतर अदालत में याचिकाकर्ता हो सकता है) उस न्यायालय का चयन करेगा जिसके अंतर्गत विवादित क्षेत्र अवस्थित हैं और जिसमें आवेदन से संबंधित सभी मूलभूत जानकारी दर्ज की जाएगी। इन ब्यौरे में मुख्य रूप से निम्नलिखित शामिल होंगे:–

(i) आवेदक के ब्यौरे जिसमें वर्तमान पता, संपर्क ब्यौरे के साथ उनके आधार संख्या इत्यादि सम्मिलित हैं।

(ii) यदि मामले में अधिवक्ता अंतर्वलित हो की दशा में, तो अधिवक्ता के ब्यौरे तथा उसका वकालतनामा अपलोड किया जाएगा। मामले में अधिवक्ता जोड़ने के लिए सरकार द्वारा यथा विहित फीस प्रभारित की जाएगी।

(iii) प्रतिवादी के ब्यौरे जिसमें वर्तमान पता, संपर्क ब्यौरे सम्मिलित हैं

(iv) प्रोफोर्मा प्रतिवादी के ब्यौरे जिसमें वर्तमान पता, संपर्क ब्यौरे सम्मिलित हैं

(v) वाद का प्रकार (आवेदन / अपील / पुनरीक्षण / पुनर्विचार)

(vi) वाद का उप–प्रकार (अधिनियम की धारा और नियम जिसके अधीन आवेदन फाइल किया जा रहा है सम्मिलित है)।

(vii) मामले का स्वरूप (जैसे सीमांकन, विभाजन, राजस्व प्रविष्टि की भूल सुधार, अधिक्रमण या किराएदारी, धारा 118 इत्यादि)।

(viii) विवादित क्षेत्र की विशिष्टियां जिसमें राजस्व गांव का नाम, पटवार वृत्त, तहसील और जिला के साथ भूमि का खाता / खतौनी संख्या और खसरा संख्या सम्मिलित है।

(ix) भूमि अभिलेखों से संबंधित डेटा ई–हिमभूमि एल0एम0के0 सॉफ्टवेयर से स्वचालित रूप से प्राप्त किया जा सकेगा।

(x) आवेदक को ई–हिमभूमि एल0एम0के0 सॉफ्टवेयर के माध्यम से "अपडेटेड एवं डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित नकल जमाबंदी" प्राप्त करने का विकल्प दिया जाएगा, जिसके लिए आवेदक को अपना विशिष्ट नकल नंबर दर्ज करना होगा।

(xi) न्यायालय की सुनवाई के स्थान का अधिमान पता [जैसे मंडलीय आयुक्तों और वित्तीय आयुक्त (अपील) के न्यायालय] आवेदक द्वारा चयनित किया जाएगा, जब मामले की सुनवाई की जाएगी। ये पते प्रत्येक न्यायालय के लिए विभाग द्वारा यथा अनुरक्षित रोस्टर से लिए जाएंगे।

(5) आवेदक सॉफ्टवेयर में पूरा आवेदन / याचिका लिख सकता है, जिसे वह सॉफ्टवेयर राजस्व न्यायालयों द्वारा स्वीकार्य प्रारूप में परिवर्तित कर देगा। वैकल्पिक रूप से, आवेदक पूर्व–लिखित आवेदन / याचिका अपलोड भी कर सकता है।

(6) भूमि विवाद से संबंधित आवेदनों के लिए, आवेदक को विवादित भूमि के ब्यौरे भरने चाहिए किन्तु उन्हें ई–हिमभूमि पोर्टल से प्राप्त किया जा सकेगा।

(7) वैकल्पिक रूप से, आवेदक जमाबंदी (जब तक नकल जमाबंदी पोर्टल सार्वजनिक नहीं किया जाता) की प्रमाणित प्रति और फील्ड नक्शा अपलोड कर सकता है।

(8) भू–नक्शा पोर्टल से नवीनतम नक्शा प्रतिलिपि प्राप्त करने का भी उपबन्ध किया जाएगा

(9) प्रथम सुनवाई के समय आवेदक को फील्ड मैप की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी आवश्यक होगी, क्योंकि उनकी अनिवार्यता फील्ड निरीक्षण के दौरान होगी।

(10) आवेदक / अधिवक्ताओं को किसी भी अतिरिक्त दस्तावेज, जैसे पावर ऑफ अटॉर्नी, हलफनामा, म्यूटेशन की प्रति तथा अन्य अनिवार्य दस्तावेज (जो मामले की प्रकृति के अनुसार आवश्यक हों) अपलोड करने की अनुमति होगी।

(11) यदि अपील / पुनर्विचार / पुनरीक्षण याचिका दायर की जाती है, तो निम्नलिखित जानकारी / दस्तावेज अपलोड किए जाएंगेः–

(i) निम्न न्यायालय का नाम

(ii) निम्न न्यायालय का केस नम्बर

(iii) निम्न न्यायालय के परिबद्ध आदेश की तारीख

(iv) अपील / पुनरीक्षण की दशा में, आवेदक एक से अधिक न्यायालयों के परिबद्ध आदेश ब्यौरे बढ़ा सकेगा।

(v) आवेदक निम्न न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रमाणित प्रति अपलोड कर सकेगा

(vi) आवेदक द्वारा अपने आवेदन में निम्न न्यायालय की प्रति प्रदाय की तारीख को उल्लिखित करना होगा।

(vii) यदि निम्न न्यायालय के आदेशों की प्रमाणित प्रति सॉफ्टवेयर से जनित की गई है तो उसके लिए उत्पन्न अद्वितीय रसीद संख्या उसी पोर्टल पर प्रदर्शित होगी। प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित समस्त ब्यौरे उसी से प्राप्त किए जा सकेंगे।

(viii) परिसीमा अवधि, आवेदक को प्रमाणित प्रति प्रदाय किए जाने की तारीख से परिसीमा अवधि की गणना की जाएगी।

(ix) यदि अपील / पुनरीक्षण / पुनर्विलोकन फाइल करने की परिसीमा अवधि सीमा समाप्त हो गई है तो अन्य सुसंगत उपबन्धों या परिसीमा अधिनियम की धारा 5 या अन्य सुसंगत उपबन्ध के अधीन परिसीमा अनुज्ञात के लिए आवेदन अपलोड करना आवश्यक होगा। इस हेतु सरकार द्वारा समय–समय पर विहित अतिरिक्त शुल्क प्रभारित की जाएगी।

5. **आवेदन फीस (षुल्क) का संदाय.**––(1) आवेदन प्रपत्र समापन के पश्चात् आवेदक को ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से आवेदन फीस (शुल्क) का संदाय करना होगा। आवेदन फीस (शुल्क) में समय–समय पर सरकार द्वारा यथा अधिसूचित समस्त प्रकार के फीस (शुल्क) सम्मिलित होंगे। सरकार खाते के शीर्ष का भी विनिश्चय करेगी जिसमें फीस (शुल्क) जमा की जाएगी / किया जाएगा।

(2) परीक्षा हेतु आवेदन केवल तभी प्रस्तुत किया जाएगा जब आवेदक द्वारा फीस (शुल्क) का संदत्त कर दिया जाएगा।

(3) आवेदन फीस (शुल्क) में उन समस्त प्रकार के शुल्क शामिल होंगे, जो पहले चिपकने वाले न्यायालय स्टाम्प के रूप में एकत्र किए जाते थे।

(4) फीस (शुल्क) का संदाय ऑनलाइन प्रणाली में दिए गए संदाय गेटवे के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें यू0पी0आई0 या अन्य उपलब्ध संदाय विकल्पों का उपयोग किया जा सकेगाः

(i) सफलतापूर्वक संदाय होने पर, स्वतः जनित एस0एम0एस0 के माध्यम से आवेदक को रसीद भेजी जाएगी।

(ii) संदाय गेटवे के माध्यम से किया गया संदाय ऑनलाइन प्रणाली में तुरन्त सत्यापित किया जा सकेगा।

(iii) संदाय गेटवे से प्राप्त और आवेदन में प्रदर्शित संदाय की पुष्टि को न्यायालय फीस (शुल्क) के सफल संदाय के रूप में माना जाएगा।

(5) आवेदक द्वारा संदत्त की गई फीस (शुल्क) को एकल राज्य–स्तरीय खाते में संग्रहीत किया जाएगा और प्रत्येक मास के अन्त में या सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट समय सीमा के भीतर अभिहित कोषागार प्रमुख खाते में पश्चात्वर्ती जमा किया जाएगा। यह पोर्टल द्वारा प्रदान किए गए शुल्क विभाजन के माध्यम से की जाएगी।

6. **आवेदन का परीक्षण.**––(1) नवीन रूप से फाइल किए गए आवेदन सबसे पहले सम्बंधित न्यायालय के रीडर के लॉग–इन में प्रदर्शित होगा, जो आवेदन के प्रत्येक विवरण (ब्यौरे) का परीक्षण करेगा और किसी भी अशुद्धता रूप से भरे गए आवेदन को अपनी टिप्पणियों सहित आवेदक को वापस करने योग्य होगा।

(2) सॉफ्टवेयर से प्रिंटआउट नहीं ली जाएगी तथा परीक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया केवल ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से ही की जाएगी।

(3) आवेदक केवल कार्यदिवसों में ही प्रसंसाधित किए जा सकेंगे। अवकाश के दिवसों में फाइल किए गए आवेदनों को अगले कार्यदिवस में निवेदन और परीक्षण किया जाएगा।

(4) यदि आवेदन आवेदक को वापस किया जाता है तो वही उसके लॉग–इन में प्रदर्शित होगा। आवेदक आवेदन को संपादित करने, कोई भी दस्तावेज अपलोड करने और पुनः परीक्षा हेतु पुनः प्रस्तुत करने योग्य होगा।

(5) यदि आवेदन में दिए गए समस्त ब्यौरे सही पाए जाते हैं तो आवेदन को पीठासीन अधिकारी को अनुमोदन हेतु भेजा जाएगा जो उसे स्वीकार, वापस या अस्वीकृत कर सकेगा। पीठासीन अधिकारी के अनुमोदन हेतु आवेदन भेजे जाने से पूर्व रीडर यथास्थिति आवेदक के अनुरोध पर सुनवाई की तारीख और वह पता जहां मामले को सुनवाई हेतु प्रस्तावित किया जाएगा, अवगत करवाएगा।

(6) रीडर द्वारा सत्यापित समस्त ऐसे आवेदनों को सम्बद्ध न्यायालय के पीठासीन अधिकारी के लॉग–इन पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(7) पीठासीन अधिकारी के पास प्रत्येक आशय में अपने टिप्पणीयों के साथ मामले को वापस करने या अस्वीकृत करने का विकल्प होगा वापस करने की दशा में मामला प्रथमतः रीडर की लॉग–इन पर दर्शाया जाएगा और आवेदक के प्रत्यक्षतः पुनः निर्देशित नहीं किया जा सकेगा।

(8) यदि मामला अस्वीकृत किया जाता है तो पीठासीन अधिकारी प्रत्येक मामले हेतु उपबन्धित टिप्पणी कोष्ठ में ब्यौरे बार आदेश अवश्य अभिलिखित करेगा।

(9) आवेदन की स्वीकृत होने पर मामले को पीठासीन अधिकारी के अनुमोदन से उसी दिन न्यायालय में औपचारिक रूप से संस्थित किया जाएगा। तत्पश्चात् मामले की स्वीकृति को देखते हुए राज्यवार लागू पोर्टल पर एकल मामला संख्या जनित की जाएगी।

(10) पीठासीन अधिकारी द्वारा अनुमोदित सुनवाई की तारीख और सुनवाई के पते सहित आवेदन की स्वीकृति से सम्बन्धित अधिसूचना को अधिवक्ता सहित मामले में रजिस्ट्रीकृत समस्त पक्षकारों को उनके मोबाइल नम्बर और ई–मेल पते पर सांझा किया जाएगा।

(11) अपील / पुनरीक्षण / पुनर्विलोकन की दशा में मामले की स्वीकृति से सम्बन्धित सूचना को रीडर और सम्बंधित न्यायालय का पीठासीन अधिकारी जिसके आदेश प्रश्नगत हैं, के लॉग–इन पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। फ्लैग सहित एक पृथक कोष्ठ को उस न्यायालय के मामलों के विरुद्ध फाइल की गई अपील / पुनरीक्षण / पुनर्विलोकन / याचिका की स्थिति अधिकथित करते हुए प्रत्येक न्यायालय में उपलब्ध करवाया जाएगा।

(12) न्यायालय का रीडर अपने लॉग–इन के माध्यम से पीठासीन अधिकारी द्वारा उसकी स्वीकृति के पश्चात् आवेदक से आवेदन प्राप्त होने पर मामले में पक्षकारों को किसी भी समय जोड़ सकेगा।

(13) न्यायालय के रीडर के पास पीठासीन अधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन किसी भी मामले में साक्षियों को प्रविश्ट करने का भी विकल्प होगा। समन सॉफ्टवेयर के माध्यम से साक्षियों को जारी किया जा सकेगा।

7. अभिलेख तलब करना.––(1) मामले की स्वीकृति के पश्चात् और पीठासीन अधिकारी के आदेशों पर निम्नतम न्यायालय या अभिलेख कक्ष को भेजे गए अपने अभिलेखों में से अभिलेख तलब करेगा।

(2) यदि निम्नतम न्यायालय स्तर पर फाइल को स्कैन करके पोर्टल पर अपडेट नहीं किया जाता है तो निम्नतम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी को एक अधिसूचना भेजी जाएगी, जिसमें उन्हें केस फाइल को स्कैन करके अभिलेख कक्ष में परेशित का अनुदेश दिया जाएगा।

(3) इस अधिसूचना को प्राप्त करने पर, पीठासीन अधिकारी को फाइल को स्कैन करके अगली सुनवाई की तारीख से पूर्व पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

(4) अधिवक्ताओं को भी उन समस्त दस्तावेजों तक पहुंच प्राप्त होगी जो मामलों से संबंधित है और जिन्हें पीठासीन अधिकारी द्वारा अनुमोदित जिम्नी आदेशों के साथ पक्षकारों द्वारा फाइल किया गया है पीठासीन अधिकारी के पास ऐसे अभिलेखों को सांझा करने का विकल्प होगा, जैसा कि वे उपयुक्त समझें।

(5) यदि मामला उच्च न्यायालय द्वारा निम्नतम न्यायालय को वापस प्रतिप्रेषित किया गया है तो निम्नतम न्यायालय के वर्तमान स्थिति के अनुसार पक्षकारों के ब्यौरे को संपादित करने और नवीनतम संस्थित तारीख के अनुसार एक नया मामला संख्या आबंटित करने का विकल्प होगा। पोर्टल के पास पहले से तय किए गए मामले के साथ वापस प्रतिप्रेषित किए गए मामले को लिंक करने का विकल्प होगा, जिसके विरुद्ध

अपील / पुनर्विलोकन / पुनरीक्षण फाइल किया गया है, ताकि मामले से सम्बन्धित समस्त ब्यौरे एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे।

(6) पीठासीन अधिकारी को विधि के अधीन यथा विहित समरूप स्थिति वाले मामलों को लिंक करने का विकल्प होगा और उन्हें एक ही मामला माना जाएगा। समस्त लिंक किए गए मामलों में, जिस मामले की संस्थित तारीख सबसे पुरानी होगी, उसे आगे की सुनवाई के लिए उपयोग किया जाएगा और दिन–प्रतिदिन का कार्य केवल उसी मामले में किया जाएगा।

(7) ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से प्राप्त आवेदन पर व्यतिक्रम के लिए खारिज मामले प्रत्यावर्तित करने के लिए पीठासीन अधिकारी को विकल्प प्रदाय किया जाएगा। ऐसे मामलों में मूल मामलों की संख्या जारी रहेगी और मामले को उसी स्तर से आरम्भ किया जाएगा जहां इसे व्यतिक्रम के लिए खारिज किया गया था।

8. समन प्रक्रिया.––(1) किसी भी सुनवाई की तारीख के लिए जनित समस्त समन, पोर्टल के माध्यम से उपयोग ओ0टी0पी0 आधारित अनुमोदन पीठासीन अधिकारी द्वारा अनुमोदित होंगे। ओ0टी0पी0 पीठासीन अधिकारी के मोबाइल नम्बर पर भेजा जाएगा।

(2) समस्त पक्षकारों को समन की डिजिटल परिदान के लिए अपना संपर्क ब्यौरे (मोबाइल नंबर और ई–मेल सहित) प्रस्तुत करना आवश्यक होगा और राजस्व न्यायालय के माध्यम से जारी किए गए समन ऐसे समस्त पक्षकारों को डिजिटल रूप से परिदत्त किए जाएंगे। जिसमें सॉफ्टवेयर पर पूर्ण संपर्क ब्यौरे अद्यतन (अपडेट) होंगे। ऐसे मामले जहां पक्षकार अभी तक न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ है या उसने संपर्क ब्यौरे प्रदाय नहीं किए या पीठासीन अधिकारी का अवलोकन है कि समन की भौतिक परिदान आवश्यक है, ऐसे समस्त मामलों में समन को उसी की भौतिक परिदान के लिए अग्रेषित किया जाएगा।

(3) समस्त समन जिनमें सम्बद्ध पक्षकारों की भौतिक रूप से परिदाय आवश्यक है वे तहसीलदार / तहसील स्तर पर नायब तहसीलदार / उप–तहसील स्तर पर के लेखे में परिलक्षित होंगे।

(4) भौतिक रूप से समन की तामील हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम की धारा 21 के अनुसार की जाएगी। समनों की प्रिंटिंग (मुद्रण) और तामील सम्बद्ध तहसीलदार / नायब तहसीलदार का कर्त्तव्य होगा जहां पक्षकार निवास करते हैं।

(5) सुनवाई की अगली तारीख के सम्बन्ध में सूचना उन समस्त पक्षकारों को भेजी जाएगी जिन्होंने अपनी ई–मेल या मोबाइल नम्बर न्यायालय को प्रस्तुत किए हैं।

(6) तामील पर, सम्बद्ध पक्षकारों को एस0एम0एस0 के माध्यम से सांझा किया जाएगा, जिस पर क्लिक करके पक्षकार ऑनलाइन सॉफ्टवेयर पर अपना लेखा (खाता) बना सकेंगे और स्वयं को मामले से जोड़ सकेंगे।

(7) यदि आवेदक या प्रतिवादी ने किसी अधिवक्ता की सेवाएं ले रखी हैं तो अधिवक्ता वकालतनामा अपलोड करके अपने खाते (लेखे) के माध्यम से स्वयं के केस से लिंक कर सकेगा। तथापि, इस लिंकेज को सम्बन्धित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है।

9. मामले की सुनवाई.––(1) पीठासीन अधिकारी के डैशबोर्ड पर वर्तमान तारीख को सुनवाई हेतु अधिसूचित समस्त मामलों की सूची प्रदर्शित की जाएगी। उनके समस्त मामलों से सम्बन्धित सूचना की पहुंच होगी और वे पोर्टल में दर्शाई गई अद्यतन सूचना के आधार पर सुनवाई संचालित करेंगे।

(2) पीठासीन अधिकारी मामले में अपनी टिप्पणीयां लिखने हेतु समर्थ होगा परन्तु वे केवल सम्बद्ध न्यायालय के रीडर को ही प्रदर्शित होंगे।

(3) पीठासीन अधिकारी सुनवाई की अगली तारीख और स्तर जिसके लिए मामला निहित किया गया है, को समनुदेशित करने में समर्थ होगा।

(4) पीठासीन अधिकारी मामले में किसी भी समर्थित दस्तावेज (माननीय उच्चतम / उच्च न्यायालय के निर्णय, राज्य / केन्द्रीय सरकार का कोई अधिनियम / नियम) को संलग्न करने में समर्थ होगा। पोर्टल में भू–संहिता का लिंक भी उपबंधित किया जाएगा।

(5) मामले की वाद सूची भी पीठासीन अधिकारी द्वारा समनुदेशित अगली सुनवाई की तारीख का उपयोग करते हुए पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन तैयार की जाएगी। वाद सूची प्रकाशित होने के पश्चात् यह सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध होगी।

(6) किसी भी मामले को सूचीबद्ध करने की सूचना भी वाद सूची के अनुमोदन के पश्चात् सम्बद्ध पक्षकारों / अधिवक्ताओं को प्रत्यक्षतः एस0एम0एस0 या ई–मेल के माध्यम से भी भेजी जाएगी।

(7) पीठासीन अधिकारी / रीडर सुनवाई के दौरान पक्षकारों की उपस्थिति दर्ज कर सकेंगे तथा किसी भी पक्षकार को नोटिस जारी करने का निर्णय ले सकेंगे।

10. जिम्नी आदेषों का अद्यतन.––(1) जिम्नी आदेशों की प्रविष्टि हेतु सॉफ्टवेयर में एक समर्पित कोष्ठ उपबन्धित किया जाएगा और यह विकल्प केवल पीठासीन अधिकारी के लॉग–इन के माध्यम से सुगम होगा।

(2) पीठासीन अधिकारी जिम्नी आदेश को अंतिम रूप देने से पूर्व इसे ड्राफ्ट में सुरक्षित रखेगा और इसे अन्तिम रूप देने से पूर्व किसी भी समय दुरुस्त कर सकेगा। जिम्नी आदेश एक बार अनुमोदित हो जाने पर बदला नहीं जा सकेगा।

(3) पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रविष्टि और अनुमोदित समस्त जिम्नी आदेश पीठासीन अधिकारी और प्रत्येक आदेश में सम्मिलित न्यायालय के नाम से सार्वजनिक डोमेन में प्रकाशित किया जाएगा।

(4) जिम्नी आदेशों को सरकार द्वारा यथा विहित रूप से विधान ड्राफ्ट किया जाएगा।

(5) ये आदेश डिजिटल हस्ताक्षर, फोटो हस्ताक्षर या ओ0टी0पी0 पर आधारित संकेतों का प्रयोग करके हस्ताक्षरित किए जाएंगे।

(6) न्यायालय द्वारा जारी प्रत्येक आदेश में प्रत्येक पृष्ठ पर इसकी विशिष्टतः सटीकता बनाए रखने हेतु स्टम्पित तारीख, समय और क्यू0आर0 कोड होगा । इसके अतिरिक्त इसकी विधिक विधिमान्यता वर्णित करते हुए आदेश के प्रत्येक पृष्ठ पर अधिसूचना का संदर्भ दिया जाएगा।

11. मामले में अतिरिक्त दस्तावेज / आवेदन अपलोड करना.––(1) पक्षकार अपने लॉग–इन के माध्यम से अतिरिक्त दस्तावेज (उदाहरणार्थ वकालतनामा, सही पता देने हेतु आवेदन, विधिक वारिसों के ब्यौरे हेतु आवेदन और कोई अन्य सुसंगत दस्तावेज) अपलोड करने हेतु समर्थ होंगे। अतिरिक्त दस्तावेज केवल सरकार द्वारा समय–समय पर यथा विहित केवल न्यायालय शुल्क जमा करने के पश्चात् केवल पीठासीन अधिकारी को प्रस्तुत किए जाएंगे।

(2) यदि पक्षकार दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने में असमर्थ हो तो वे उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत कर सकेंगे जो उसके पश्चात् उन्हें पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

(3) मामले की फाइल से सम्बन्धित नए दस्तावेजों या आवेदनों को जोड़े जाने से सम्बन्धित अधिसूचनाएं सुनवाई के पश्चात् सभी पक्षकारों को भेजी जाएंगी।

(4) पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए समस्त दस्तावेजों के पीठासीन अधिकारी द्वारा उनकी पहचान (आई0डी0) के माध्यम से स्वीकृत किया जाएगा। पीठासीन अधिकारी दस्तावेज को प्रत्यक्षतः स्वीकृत कर सकेगा और उसका उत्तर / प्रतिउत्तर फाइल करने हेतु मामले की तारीख नियत कर सकेगा।

(5) अधिवक्ताओं को बदले जाने के इच्छुक पक्षकार पीठासीन अधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन वकालतनामा सहित पोर्टल में नए अधिवक्ता के ब्यौरे अद्यतन करेंगे।

(6) ऐसे आवेदन जिनमें क्षेत्रीय कर्मचारियों (पटवारी / कानूनगो) का अन्तर्वलन है, उन्हें उनके लेखों में अग्रेषित किया जाएगा।

(7) मामले की फाइल के साथ अपलोड किए गए नक्शे पर क्षेत्रीय सत्यापन हेतु विचार नहीं किया जाएगा, आवेदक एक प्रमाणित प्रति अवश्य लेगा और उसे क्षेत्रीय सत्यापन के दौरान सम्बद्ध पटवारी / कानूनगो को प्रस्तुत करेगा।

(8) प्रमाणित प्रति को पटवारी / कानूनगो द्वारा मूल अभिलेख के सामने स्थापित किया जाएगा।

(9) क्षेत्रीय अभिकरण की रिपोर्ट को उनके लेखा के माध्यम से सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाएगा। तथापि, क्षेत्रीय दौरे के दौरान तैयार किए नक्शे न्यायालय को प्रस्तुत किए जाएंगे और वे भौतिक फाइल में तब तक रखा जाएगा जब तक मामले का विनिश्चय नहीं हो जाता है तत्पश्चात् उन्हें रीडर द्वारा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

12. आदेशों का अद्यतन.––(1) मामले से सम्बन्धित आदेशों (अंतरिम / अंतिम) पीठासीन अधिकारी के लॉग–इन में उपबन्धित पृथक कोष्ठ पर ड्राफ्ट किया जाएगा। यदि आदेश वर्ड फाइल पर लिखे गए हैं तो उन्हें पीठासीन अधिकारी द्वारा पोर्टल पर अपलोड किया जा सकेगा।

(2) पोर्टल पर ड्राफ्ट किए गए समस्त आदेश सम्बद्ध न्यायालय के पीठासीन अधिकारी द्वारा ओ0टी0पी0 आधारित सत्यापन के माध्यम से हस्तांतरित किए जाएंगे।

(3) न्यायालय द्वारा जारी प्रत्येक आदेश के प्रत्येक पृष्ठ पर इसकी विशिष्ट स्टीकता को बनाए रखने हेतु स्टाम्पित तारीख और समय तथा क्यू0आर0 कोड होगा। इसके अतिरिक्त इसके विधिक विधिमान्यता वर्णित करते हुए अधिसूचना के सन्दर्भ को आदेश के प्रत्येक पृष्ठ पर भी उपबन्धित किया जाएगा।

13. विनिष्चय के पष्चात् मामले की फाइल का प्रेषण.––(1) अंतिम आदेश पारित किए जाने के पश्चात् मामलों को अभिलेख कक्ष को ऑन–लाइन प्रेषित किया जाएगा।

(2) न्यायालय का रीडर न्यायालय फाइल से सम्बन्धित दस्तावेजों को इनके प्रेषण से पूर्व पूर्ण व्यवस्थित करने में समर्थ होगा। मामले से सम्बन्धित अतिशेष अभिलेखों के दृष्टिगत जिम्नी आदेश सहित एकल पीडीएफ सृजित की जाएगी जिसे कालानुक्रमिक क्रम में शीर्ष रख जाएगा।

(3) मामले में अपलोड किए गए समस्त दस्तावेजों को सॉफ्टवेयर द्वारा स्वयं प्रेषण फाइल के साथ संलग्न किया जाएगा।

(4) पीठासीन अधिकारी के अनुमोदन के पश्चात् केस फाइल को सम्बद्ध न्यायालय के डिजिटल अभिलेख कक्ष को अंतरित किया जाएगा। पोर्टल के माध्यम से भेजी गई फाइलों की वही विधिक विधिमान्यता होगी जो "ऑनलाइन कॉपी एजेंसी नियम, 2024" में प्रदर्शित हैं।

आदेश द्वारा,

ओंकार चन्द शर्मा,
प्रधान सचिव (राजस्व)।

[Authoritative English text of the Department's Notification No. REV-B-A(03)/28/2024, dated 20-05-2025 as required under clause (3) of Article 348 of the Constitution of India].

REVENUE DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-2, the 20th May, 2025

No. REV-B-A(03)/28/2024.—In exercise of powers conferred by clause (g) of Section 168 of the Himachal Pradesh Land Revenue Act, 1954, the Financial Commissioner (Revenue) to the Government of Himachal Pradesh proposes to make the Himachal Pradesh Online Filing and Processing of Court Cases Rules, 2025 for introducing an online system of court case filing system before the Revenue Officers in the State and the same are hereby published as per the requirement of Section 169 of the Act for general information of the public;

If any person likely to be effected by these Rules has any objection(s) or suggestion(s) to make in respect of these rules, he may send the same to the Financial Commissioner (Revenue) to the Government of Himachal Pradesh, Shimla-171002 within a period of seven days from the date of publication of these rules in Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh;

Objection(s) or suggestion(s), if any, received within the period specified above, shall be considered by the State Government before finalizing these rules, namely:—

DRAFT RULES

In exercise of the powers conferred under clause (g) of Section 168 of the Himachal Pradesh Revenue Act, 1954, the Financial Commissioner (Revenue) to the Government of Himachal Pradesh, hereby makes the following rules, namely:—

1. Short title, extent and commencement.—(1) "These rules shall be called as the Himachal Pradesh Online Filing and Processing of Court Cases Rules, 2025".

(2) They extend to the whole of Himachal Pradesh.

(3) They shall come into force from the date of publication of the rules in the Rajpatra (e-Gazette) Himachal Pradesh.

2. Definitions.—In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or context:

(1) "Applicant" means the applicant at trial court level, appellant at the appellate court and petitioner at the higher court;

(2) "Application fee" means the court fee payable by the applicant, which can be paid using adhesive stamps, UPI, or an e-stamp certificate, as prescribed by the Government from time to time;

(3) "Case Number" means a unique identification code assigned to each case, consisting of the court's unique ID, the serial number of the case (starting from one in the respective court for a given year), and the year, separated by a forward slash (/);

(4) "Cause List" means the daily schedule of cases to be heard by a court;

(5) "Copies" mean reproductions of original documents, files or records that are part of legal, administrative, land records or court proceedings. These can be digital or physical copies and are produced as per official request from parties entitled to them under the law;

(6) "Consigned" means safe custody of any file or document in the record room;

(7) "Consigned files" means the Revenue court files which have been consigned in the record room;

(8) "Copying agency" means an agency as defined in the "Copying Agency Rules for the offices of the Financial Commissioner (Revenue and Appeals), 1993", the "Copying Agency Rules for the offices of the Deputy Commissioners in Himachal Pradesh, 1994" and the "Online Copying Agency Rules, 2024";

(9) "Court" means the all the Revenue courts functioning in Himachal Pradesh as per the Himachal Pradesh Land Revenue Act, 1954;

(10) "Digital Signature" means digital imprint of the signature or the signatory ensuring document authenticity;

(11) "Dashboard" means the interface in the e-filing portal displaying all case-related data;

(12) "Digital record" means a record that has been digitised;

(13) "Digitise" means the process of converting physical or analog information, such as documents, records or images, into a digital format, which can be processed, stored, and transmitted electronically;

(14) "E-Filing Portal" means the online platform for submitting and managing case files electronically;

(15) "Field Verification" means the on-site inspection conducted by revenue officials;

(16) "E-Receipt" means an acknowledgment of payment generated by the portal;

(17) "Jamabandi" means the Record of Rights as defined under section 32 of the Himachal Pradesh Land Revenue Act, 1954;

(18) "Naib Tehsildar" means an officer vested with the powers of an Assistant Collector Grade-II under the Himachal Pradesh Land Revenue Act, 1954, responsible for managing land records, implementing revenue schemes and resolving land-related disputes within their jurisdiction;

(19) "OTP (One-Time Password)" means a secure code sent to the registered mobile number for authentication;

(20) "Online Filing" means the process of electronically submitting applications, petitions, and documents to Revenue Courts;

(21) "Online system" means a computer application made by the government which is openly accessible on the internet;

(22) “OCR (Optical Character Recognition)” means technology enabling text recognition from scanned documents;

(23) "Payment Gateway" means a system for the payment of various services on the internet that facilitates the authorization and settlement of transactions made using credit cards, debit cards and other electronic payment methods, including Unified Payments Interface (UPI);

(24) “Petitioner” means a person who files a petition seeking judicial relief in a Revenue Court;

(25) "PDF document" means a file format created by Adobe Systems known as Portable Document Format (PDF), which is used to present documents in a manner independent of application software, hardware or operating systems and can contain text, images, and other elements and are often used for official forms and records;

(26) “Presiding officer” means the Revenue Officer in charge of a Revenue Court;

(27) “Proforma Respondent” means a party indirectly involved in the case;

(28) "Reader" means an official posted in the court who works under the direct supervision of the Presiding Officer of the court, assisting in various tasks related to court and ensuring the smooth functioning of court proceedings;

(29) “Record Room” means the repository for digitally storing closed case files;

(30) “Running files” means the revenue/court files which have not been consigned in the record room;

(31) “Summons” means a legal notice requiring parties to appear in court;

(32) “Tehsildar” means a revenue officer in charge of a Tehsil, holding the powers of an Assistant Collector Grade-I under the Himachal Pradesh Land Revenue Act, 1954, responsible for managing land records, implementing revenue schemes and resolving land-related disputes within their jurisdiction;

(33) "SMS" means Short Message Service, a text messaging service component of most telephone, internet and mobile device systems that allows the sending of short text messages between devices;

(34) "Unified Payments Interface (UPI)" means a real-time payment system developed by the National Payments Corporation of India (NPCI), facilitating instant money transfer between bank accounts through a mobile platform;

(35) "URL" means Uniform Resource Locator, a reference or address used to access resources on the internet;

(36) “Vakalatnama” means a document authorizing an advocate to represent a party in court;

(37) "Zimni Order" refers to interim orders issued by a court or revenue authority during the pendency of case proceedings. These orders address immediate procedural or

administrative matters necessary for the smooth progression of the case but are not final judgments or resolutions;

(38) "Video Conference" means the use of technology to conduct hearings remotely;

(39) "Video Conferencing Request" means an application by a party requesting a remote hearing through a video conference facility;

